KENDRIYA VIDYALAYA NO.2 AFS, GWALIOR

3 DAYs WORKSHOP ON **e-GRANTHALAYA** SOFTWARE FOR AUTOMATION AND NETWORKING OF KVs LIBRARIES IN ASSOCIATION WITH **NIC, NEW DELHI**

पत्रिका
मंगलवार, 20 नवंबर 2012

ई-ग्रंथालय से होगा समय का सदुपयोग

» केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 में कार्यशाला शुरू

ग्वालियर। ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर के माध्यम से देश के किसी भी हिस्से में स्थित पुस्तकालयों की किताबों का अवलोकन एवं जानकारी किसी भी कोने में बैठकर प्राप्त की जा सकती है। शिक्षण संस्थानों में पुस्तकालय की भूमिका महत्वपूर्ण होती हैं। यह बात एनआईसी नई दिल्ली के वैज्ञानिक रवि रंजन ने केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक -2 में आयोजित कार्यशाला में मुख्यअतिथि के रुप में कही।

केंद्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली एवं आगरा संभाग के तत्वाधान में आयोजित कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में आगरा संभाग उपायुक्त डॉ. जयदीप दास उपस्थित थे। तीन दिवसीय इस कार्यशाला में ई ग्रंथालय विषय पर होने वाली इस संभागीय कार्यशाला में आगरा संभाग के 38 विद्यालय के पुस्तकालयध्यक्ष के साथ कंप्यूटर शिक्षकों भी भाग ले रहे हैं। मुख्य अतिथि श्री रंजन ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में हो रहे तकनीकी विकास के साथ कदम से कदम मिलाने के लिए यह एक अत्यंत आवयश्क एवं महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इसी कड़ी में विशिष्ट अतिथि ने कहा कि पुस्तकालय सभी शिक्षण संस्थानों की आत्मा होती है। इसका बच्चों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिए पुस्तकालयों की सेवाओं को जारी रखने के लिए नवीनतम तकनीक को अपनाना अत्यंत आवयश्क है और ई-ग्रंथालय साफ्टवेयर पुस्तकालयों की सेवाओं को बेहतर रूप से प्रदान करने में सहायक है।